Maharana Pratap University of Agriculture &Technology, Udaipur
COLLEGE OF COMMUNITY & APPLIED SCIENCES

XXIII Biennial Workshop of All India Coordinated Research Project on H Sc
☎: Office: 2471616 (O), Email: sumanfrm@gmail.com, ucaicrphsc05@gmail.com, website: www.chscudaipur.ac.in

दिनांक : 14.02.2019

प्रेस– विज्ञप्ति

उदयपुर, दिनांक 14 फरवरी, 2019 महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर की संघटक इकाई समुदाय एवं व्यावहारिक विज्ञान महाविद्यालय में दिनांक 15-16 फरवरी को अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना गृहविज्ञान का 23 वाँ द्विवार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि प्रो. एन.एस.राठौड़, उपमहानिदेशक (शिक्षा), सम्मानित अतिथि डॉ. पी. एस. पांडेय, सहायक महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद होंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो.यू. एस. शर्मा, माननीय कुलपति, महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर करेगें।

कार्यशाला समन्वयक प्रो.सुमन सिंह ने बताया कि इस कार्यशाला देश की 11 अनुसंधान इकाइयों के लगभग 70 वैज्ञानिक भाग लेंगे। डॉ. एस. के. श्रीवास्तव, निदेशक , कृषक महिला केंद्रीय संस्थान, भुबनेश्वर देश के विभिन्न केन्द्रो पर चल रही अनुसन्धान परियोजना के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। इस दो दिवसीय कार्यशाला में गृह विज्ञान के विभिन्न विषयो यथा भोजन एवं पोषण ,पारिवारिक संसाधन प्रबंधन, प्रसार, वस्त्र एवं परिधान एवं बाल विकास से सम्बंधित तकनिकी सत्रों का आयोजन किया जायेगा। जिसमे देश के विभिन्न अनुसंधान इकाइयों पर किये जा रहे अनुसंधान कार्यो के बारे में विस्तार से चर्चा कर उनसे सम्बंधित अनुशंसाए निकाली जाएगी।

प्रो. सुमन सिंह

छात्र कल्याण अधिकारी एवं आयोजन सचिव